an>

Title: Demand to enquire the incidents of communal riots and attack on Hindus in Maharashtra.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): सभापति महोदय, पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सामाजिक सौहार्द खराब करने वाली घटनाएं हुई हैं। महाराष्ट्र में अमरावती, नांदेड़, मालेगांव जैसे शहरों में प्लान्ड तरीके से बहुसंख्यक हिन्दुओं, व्यापारी इस्टेब्लिसमेंट्स और घरों के ऊपर हमले किए गए।… (व्यवधान) त्रिपुरा में जो घटना हुई ही नहीं थी, उसको सोशल मीडिया के ऊपर फैलाकर लघुमतियों को रोड के ऊपर लाया गया और बहुसंख्यक हिन्दुओं की इमारतों को टारगेट किया गया।… (व्यवधान) इस तरह की घटना में राज्य सरकारों और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है।… (व्यवधान) रज़ा अकादमी और पीएफआई जैसी संस्थाओं की भूमिका संदिग्ध है। इसकी जाँच होनी चाहिए। रज़ा अकादमी और पीएफआई जैसी संस्थाओं पर बैन लगना चाहिए।… (व्यवधान) जिस तरह से बहुसंख्यक हिन्दुओं को टारगेट किया गया, पुलिस ने भी दूसरे दिन केवल हिन्दुओं के ऊपर कार्रवाई की है।… (व्यवधान) महाराष्ट्र की सरकार इस तरह से टारगेट करने का काम कर रही है।… (व्यवधान)

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से माँग है कि इस तरह की घटना की जाँच की जाए।… (व्यवधान)